कक्षा : **9** वीं                                                                                    समय : **2.1/2**
घंटे
अंक : **80**                    संकलनात्मक मूल्यांकन **- 2**          **2021-22**                    विषय :
हिन्दी

**I.** निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार**-** चार विकल्प सुझाए गए हैं**,** उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर लिखिए **:-**
**8×1=8**

1. ' बादशाह ' का अन्यलिंग शब्द है ……… a) राजा b) रानी c) लडकी d) बेगम
2. 'पैसा' का अन्यवचन रूप है …….. a) सिक्का b) पैसों c) पैसे d) नोट
3. 'कर्म' कारक की विभक्ति (चिह्न) है ……… a) ने b) को c) से d) के लिए
4. ' हिमालय ' इस संधि के लिए उदाहरण है ……. a) यण संधि b) अयादि c) गुण संधि d) दीर्घ संधि
5. ' ज्ञान ' का विलोम शब्द है …….. a)सुज्ञान b) अज्ञान c) कुज्ञान d) विज्ञान
6. ' यह काम पूरा करो ' I यह इस वाक्य के प्रकार के लिए उदाहरण है …… a) प्रश्नार्थक b) निषेधार्थक c) आज्ञार्थक d) संदेहार्थक
7. 'मित्र' का समानार्थक शब्द है ……. a) दोस्त b) दुश्मन c) शत्रु d) अमित्र
8. 'बोझ उठाना' इस मुहावरे का अर्थ है …... a) सामान उठाना b) ठोकरी उठाना c) जिम्मेदारी लेना d) मदद करना

**II.** निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए **:-**
**4×1=4**

**9.** लालरंग : रुकना : : हरा रंग : __________          **10.** कर्नाटक : बेंगलूर : :मेघालय : __________
**11.** भीम : मानव : : बकासुर: ___________          **12.** रात : चाँद : : दिन : _________

**III.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक **–** एक वाक्य में लिखिए **:-**
**4×1=4**

**13.** पैरों में कैसी गति भरी है ?
**14.** सडक पर किसी ने क्या फेंक दिया था ?
**15.** कवि किससे हाथ बढाने के लिए कह रहे हैं ?
**16.** कित्तूर कहाँ है ?

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो **-** तीन वाक्यों में लिखिए **:-**
**8×2=16**

**17.** चौराहों पर दिये गये संकेतों को विस्तार से बतायिए ?
**18.** चेरापूँजी की विशेषता क्या है ?
**19.** ब्राह्मण के घर में सब लोग क्यों रो रहे थे ?
**20.** विभु ने अंत में क्या तय किया ?
**21.** एक से एक मिलने का परिणाम क्या होगा ?
**22.** सौर लालटेन के बारे में लिखिए ?
**23. A)** प्रतिभागियों ने लड़के की मदद कैसे की? अथवा **B)** सबके सब एक साथ विजयीक्यों हुए ?
**24. A)** विनती / विनय पत्रिका / भगवान से प्रार्थना कविता का आशय क्या है ? अथवा
**B)** आग बुझाने के लिये ईश्वर से कवि क्या माँगते हैं और बुझते दीपों के तन - मन में क्या भरना चाहते हैं ?

**V.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन **-** चार वाक्यों में लिखिए **:-**
**9×3=27**

**25.** भाई को बहन कैसे विदा करती है ?
**26.** विवेकानंद ने जनता को ललकार कर क्या कहने को कहा ?
**27.** बच्चों ने मिलकर मौसी की सेवा किस प्रकार की ?
**28.** परिसर की रक्षा के लिये हमें क्या-क्या करना चाहिए बतायिए I
**29.** नारियल को झट से छीनकर बाबू भाई से नारियलवाले ने क्या कहा ?
**30.** 'चलना हमारा काम है'-कविता की अंतिम पंक्तियों में कवि ने क्या संदेश दिया है ?
**31.** 'करिदोड्ड्न पाल्या' के बारे में लेखक क्या कहते हैं ?
**32.** दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए **:-**

तरुवर फल नहिं खात है ,सरवर पियहि न पान ।
कहि रहीम परकाजहित, संपत्ति सँचहि सुजान ॥

**33.** गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए **:-**

अंग्रेज गोद लिये पुत्र को उत्तराधिकारी नहीं मानते थे। चेन्नम्मा के पीछे दो हजार योद्धा थे। अंग्रेजों को दुबारा हार माननी पडी ।

**VI.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच **-** छः वाक्यों में लिखिए **:-**
**2×4=8**

**34. A)** खेलों के प्रकार लिखते हुए कुछ उदाहरण दीजिए । अथवा

**B)** खेलों से क्या लाभ हैं ? खिलाडियों को कौन – कौन से पुरस्कार दिये जाते हैं ?

**35.** निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :-

जय-जय ____________________________ ____________________________________

_____________________________________ _____________________________ आग दबाकर

**VII.** गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए **:-**
**1×4=4**

**36.** सोना और मोना दो बहनें थीं । एक दिन वे दोनों बगीचे में खेल रही थीं। अचानक उन्होंने घी-मौ की आवाज़ सुनी , जो एक पुराने बैंच के पीछे से आ रही थी । वह आवाज़ किसी चिड़िया या जानवर की लग रही थी । दोनों बहनें बैंच के पास गईं और धीरे से उसके पीछे झाँका। वहाँ उन्हें बिल्ली के दो बच्चे दिखे। वे बहुत छोटे थे। दोनों ने इतने छोटे जानवर कभी नहीं देखे थे। सोना और मोना ने एक-एक बच्चा उठाया और घर के अंदर चली गईं । अब उन्हें खेलने के लिए बिल्ली के दो बहुत ही सुंदर बच्चे मिल गए थे।

**a).**सोना और मोना दोनों बगीचे में क्या कर रही थीं? **b).**दोनों बहनों को अब खेलने के लिए क्या मिल गये थे?

**c).**सोना और मोना दोनों ने क्या उठाकर घर के अंदर चली गयीं? **d).** दोनों को बैंच के पास बिल्ली के कितने बच्चे दिखे?

**VIII.**दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **15-20** वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए**:-**
**1×4=4**

**37. a)** जनसंख्या समस्या **OR** **b)** इंटरनेट की उपयोगिता **OR** **c)** पर्यावरण प्रदूषण

| a) जनसंख्या समस्या | b) इंटरनेट की उपयोगिता | c) पर्यावरण प्रदूषण |
|---|---|---|
| * विषय प्रवेश | * प्रस्तावना | * अर्थ |
| * वृद्धि के कारण | * उपयोग, महत्व | * प्रकार |
| * परिणाम, उपचार | * हानी | * कारण, उपचार |
| * उपसंहार | * उपसंहार | * उपसंहार |

**IX.** निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय के बारे में पत्र लिखिए**:-**
**1×5=5**

**38. a)** भाई की शादी में भाग लेने के लिए चार दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने वर्ग अद्यापक को एक पत्र लिखिए । **OR**

**b)** शैक्षिक प्रवास के लिए तीन हजार रुपये मांगते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।

**-o-**

# आधार - पत्रक के लिए प्रश-पत्र का अभिकल्प **Question Pepar Design for Blue Print**

| विषय - वस्तु की दृष्टि से अंकभार | | | |
|---|---|---|---|
| विषय - वस्तु | प्रश्न | अंक | प्रतिशत |
| गदय | **15** | **32** | **40.00** |
| पदय | **9** | **20** | **25.00** |
| पूरक वाचन | **2** | **04** | **05.00** |

| उद्देश्यों की दृष्टि से अंकभार | | | |
|---|---|---|---|
| उद्देश्य | प्रश्न | अंक | प्रतिशत |
| स्मरण रखना / ज्ञान | **9** | **16** | **20.00** |
| बोध/समझना | **16** | **27** | **33.75** |
| अभिव्यक्ति | **12** | **34** | **42.50** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| व्याकरण | 8 | 08 | 10.00 |
| रचना | 4 | 16 | 20.00 |
| कुल | 38 | 80 | 100 % |

| | | | |
|---|---|---|---|
| रसग्रहण | 01 | 03 | 3.75 |
| कुल | 38 | 80 | 100% |
| | | | |

| प्रश्न - प्रकार की दृष्टि से अंकभार | | | |
|---|---|---|---|
| प्रश्न - प्रकार | प्रश्न | अंक | प्रतिशत |
| वस्तु निष्ट ( बह विकल्पीय ) | 8 | 8 | 10.00 |
| अनुरूपता | 4 | 4 | 05.00 |
| अति लघुत्तर( एक अंकवाले) | 4 | 4 | 05.00 |
| लघुत्तर ( दो अंकवाले) | 8 | 16 | 20.00 |
| लघुत्तर ( तीन अंकवाले) | 9 | 27 | 33.75 |
| दीर्घोत्तर ( चार अंकवाले) | 4 | 16 | 20.00 |
| पाँच अंकवाले | 1 | 5 | 06.25 |
| कुल | 38 | 80 | 100.00 |

| कठिनता की दृष्टि से अंकभार | | |
|---|---|---|
| कठिनता की स्तर | अंक | प्रतिशत |
| सरल | 24 | 30 |
| सामान्य | 40 | 50 |
| कठिन | 16 | 20 |
| कुल | 80 | 100% |

| कक्षा - 9 वीं | नील नक्षा | अंक - 80 |
|---|---|---|
| **विषय- हिंदी** | **SA-2 2021-22** | **समय - 3. ग.** |

| क्र सं. | **विषय वस्तु** | **स्मरण 20 %** | | | | | **समझना 33.75 %** | | | | | **अभिव्यक्ति 42.5 %** | | | | | **रसग्रहण 3.75%** | | | | | **कुल प्रश्न** | **कुल अंक** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **ब. वि.** | अ.ल. | **ल.उ.** | **दी.उ .** | **दी.उ .** | **ब. वि.** | अ.ल . | **ल.उ.** | **दी.उ .** | **दी.उ.** | **ब. वि.** | अ. ल. | **ल.उ.** | **दी.उ .** | **दी.उ.** | **ब. वि.** | अ. ल. | **ल. उ.** | **दी.उ.** | **दी. उ.** | | |
| | | **1** | **1** | **2** | **3** | **4** | **1** | **1** | **2** | **3** | **4** | **1** | **1** | **2** | **3** | **4/5** | **1** | **1** | **2** | **3** | **4** | | |
| **1** | जय-जय भारत माता | | | | | **(1) 4** | | | | | | | | | | | | | | | | **1** | **4** |
| **2** | गुलाब सिंह | | | | | | | | | | | | | | **(1)3** | | | | | | | **1** | **3** |
| **3** | स्वामी विवेकानंद | | | | **(1)3** | | | | | | | | | | | | | | | | | **1** | **3** |
| **4** | अनुशासन ही शासन है | | | | | | **#(1)1** | | | | | | | **(1)2** | | | | | | | | **2** | **3** |
| **5** | मौसी | | | | | | | | | **(1)3** | | | | | | | | | | | | **1** | **3** |
| **6** | चेरापूँजी से आया हूँ | | | | | | **#(1)1** | | | | | | | **(1)2** | | | | | | | | **2** | **3** |
| **7** | पर्यावरण बचाओ | | | | | | | | | | | | | | **(1)3** | | | | | | | **1** | **3** |
| **8** | भीम और राक्षस | | | | | | **#(1)1** | | | | | | | **(1)2** | | | | | | | | **2** | **3** |
| **9** | नफ़े के चक्कर में | | | | **(1)3** | | | | | | | | | | | | | | | | | **1** | **3** |
| **10** | चलना हमारा काम है | | | | | | | **(1)1** | | | | | | | **(1)3** | | | | | | | **2** | **4** |
| **11** | खेलो-कूदो-स्वस्थ रहो | | | | | | | | | | **(1) 4** | | | | | | | | | | | **1** | **4** |
| **12** | सडक की रक्षा - सबकी सुरक्षा | | **(1)1** | | | | | | **(1)2** | | | | | | | | | | | | | **2** | **3** |
| **13** | साथी, हाथ बढाना | | **(1)1** | | | | | | **(1)2** | | | | | | | | | | | | | **2** | **3** |
| **14** | सौर ऊर्जा | | | | | | **# (1)1** | | | | | | | **(1)2** | | | | | | | | **2** | **3** |
| **15** | वीरांगना चेन्नम्मा | | | | | | | **(1)1** | | | | | | | | | | | | | | **1** | **1** |
| **16** | पूर्वाक्षर का पूर्वाग्रह | | | | | | | | | | | | | | **(1)3** | | | | | | | **1** | **3** |
| **17** | रहीम के दोहे | | | | | | | | | | | | | | | | | | | **(1)3** | | **1** | **3** |
| | **पूरक वाचन १,२,३** | | | | | | | | **(1)2** | | | | | | | | | | | | | **2** | **4** |
| | **व्याकरण** | **(4)4** | | | | | **(4)4** | | | | | | | **(1)2** | | | | | | | | **8** | **8** |
| | **अपठित गद्यांश** | | | | | | | | | | **(1) 4** | | | | | | | | | | | **1** | **4** |
| | **अनुवाद** | | | | | | | | | | | | | | **(1)3** | | | | | | | **1** | **3** |
| | **निबंध रचना** | | | | | | | | | | | | | | | **(1)4** | | | | | | **1** | **4** |
| | **पत्र लेखन** | | | | | | | | | | | | | | | **(1)5** | | | | | | **1** | **5** |
| | **कुल योग** | **( 9 ) 16** | | | | | **( 16 ) 27** | | | | | **( 12 ) 34** | | | | | **( 1 ) 3** | | | | | **38** | **80** |

सूचना :- १. कोष्टक के अंदर प्रश्नों की संख्या और बाहर अंक इंगित हैं।   २. # चिह्न् अनुरुपता के प्रश्न के संकेत हैं।

## Key Answers :

I. 1.d) बेगम 2.c) पैसे 3.b) को 4.d) दीर्घ संधि
5.b) अज्ञान 6.c) आज्ञार्थक 7. a) दोस्त 8.c) जिम्मेदारी लेना

II. 9. चलना 10. शिलांग 11. राक्षस 12. सूरज

III. 13. पैरों में प्रभल गति भरी है। 14. सडक पर किसी ने केले का छिलका फेंक दिया था।
15. कवि साथी से हाथ बढाने के लिए कह रहे हैं। 16. कित्तूर कर्नाटक राज्य के उत्तरी बेलगावी जिले में है।

IV. 17. लाल, हरी, पीली बत्ती ये चौराहे पर दिए गए ट्रैफिक के संकेत हैं। हरी पर चलना है, लाल पर रुकना है, पीली पर सचेत रहना है और सड़क पार हमेशा जीबरा क्रासिंग पर ही करन है।

18. समुद्र की सतह से कोई तेरह सौ मीटर ऊपर, जो विश्व में सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान के लिए प्रसिद्ध है। यह चेरापूँजी की विशेषता है।

19. बकासुर को खाना लेजाने की बारी कल ब्राह्मण का था। ब्राह्मण और ब्राह्मणी दोनों में खुद जाने की बेहस चल रही थी, तब लड़की इन दोनों को मना करके खुद जाने की बात करती है इस लिए घर के लोग रो रहे थे।

20. विभु ने अंत में तय किया कि वह अपने साथियों से चर्चा करके, अपने अध्यापक के मार्गदर्शन में इस दिशा में कुछ प्रयास अवश्य करेगा।

21. एक से एक मिलने का परिणाम यह होता है कि - कतरा एक से एक मिले तो दरिया बन जाता है। राई एक से एक मिले तो परबत (पर्वत) बन सकती है।

22. यह हल्का होता है। इसे जलाने के लिए मिट्टी का तेल, पेट्रोल या गैस की जरूरत ही नहीं पड़ती। यह तो सौर ऊर्जा से ही सौर लालटेन चलता है।

23. A) प्रतिभागियों ने एक -एक करके वे सब बच्चे की मदद के लिए उसके पास आने लगे । और उसे सांत्वाना देकर दोबारा खडा किया। इस तरहा लडके की मदद की।

B) सारे बच्चे एक साथ एक-दूसरे का हाथ पकडा और सात मिलकर दौड लगाई। इस लिए सबके सब एक साथ विजयी हुए।

24. A) कविता में कवि भगवान से प्रार्थना कर्ता है कि इस वतन पर अपनी दया दिखादो। लोग भूखे मर रहे हैं। इसलिए किसानों को दो वक्त के भोजन दो।भगवान मुझे ऐसी शक्ति दे दो बुझते दीपों के (बूड़े लोगों के) तन-मन में प्रकाश रूपी चेतना भर दूँ।जगत में सभी माताएँ खुशी से रहें।

B) आग बुझाने के लिए ईश्वर से कवि गंगा बहाने के लिए मांगते है। बुझते दीपों के तन-मन में कवि पीयूष भरना चाहते हैं।

25. बहन ने भाई के माथे पर तिलक लगाकर चावल बिखराए तब भाई ने बहन के पैर छूकर विदा ली, बहन ने भाई के सिर
पर हाथ फेरा और बलैयाँ ली। इस तरह बहन ने भाई को विदा करती है।

26. " प्यारे देशवासियों वीर बनों और ललकार कर कहो कि मैं भारतीय हूँ। अनपढ़ भारतीय, निर्धन भारतीय, ऊंची जाति का भारतीय, नीच जाती का भारतीय सब मेरे भाई हैं। उनकी प्रतिष्ठा मेरी प्रतिष्ठा है। उनका गौरव मेरा गौरव है "। इस तरह
विवेकानंद ने ललकार कर कहने के लिए कहा।

27. लडके भागकर खाट उठा ले आए। उस पर मौसी को जबरदस्ती बैठा दिया। खाट को सीधे नीम के पेड़ केनीचे ले आए। कन्हैया भागकर अपने घर से दरी और तकिया लाया। उषा थाली में दो रोटियाँ लायीं। योगराज एक कटोरे में दूध लाया। गोपाल घर से लैंप उठा लाया। मुन्नी पीने के लिए पानी लायी। बलदेव के पिता डाक्टर थे। वह अपने पिता को क्लिनिक से खींच लाया "मौसी बीमार हैं। आप जल्दी चलकर देखिए।" इस तरह बच्चों ने सेवा की।

28. एक वृक्ष अगर कट जाता है तो उसके बदले में ग्यारह वृक्ष लगाना चाहिए और रोज एक वृक्ष हमें लगाना है और ऐसा शपथ लेकर कार्य करना है।

29. " माफ करो, काका एक रुपया या फिर कुछ नहीं " लेकिन बाबू भाई का निराश चेहरा देखकर बोला, "बंदरगाह पर चले जाओ, हो सकता है वहाँ तुम्हें पचास पैसे में मिल जाए। "

30. अंतिम पंक्तियों में यह संदेश दिया है कि मंजिल पाने के लिए चलते रहे, उसमें अपनी गति रुक कर अगर कोई गिर गए सो गिर गए पर जो रह गए उनको उत्तम सफलता मिलती है। इसीलिए चलना हमारा काम है।

31. 'करीदोड्डन पाल्या' नामक एक गाँव है। यह ' के. डी. पाल्या ' बन जाएगा। क्रमशः गाँव को बदनाम कर देगा। आगे चलकर एक दिन संशोधक निर्णय लेंगे कि इस गाँव में ' केडियों ' (गुंडे) के होने से यह नाम आया होगा ।

32. रहीम कहते हैं कि जैसे पेड अपने फल खुद नही खाते और सरोवर अपना पानी खुद नहीं पीते , वैसे ही सज्जन दूसरों के कल्याण के लिए संपत्ति का संग्रह करते हैं।

33. ಬ್ರಿಟೀಷರು ದತ್ತು ಮಕ್ಕಳನ್ನು ಉತ್ತರಾಧಿಕಾರಿಯೆಂದು ಒಪ್ಪುತ್ತಿರಲಿಲ್ಲ. ಚೆನ್ನಮ್ಮಾಳ ಹತ್ತಿರ ಎರಡು ಸಾವಿರ ಸೈನಿಕರಿದ್ದರು. ಬ್ರಿಟೀಷರಿಗೆ ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ಸೋಲನ್ನುಒಪ್ಪಬೇಕಾಯಿತು.

34.A) खेलों के दो प्रकार हैं - एक शारीरिक खेल, दूसरा मानसिक खेल। जिन खेलों में शारीरिक श्रम अधिक करना पडता है, उन्हें शारीरिक खेल कहा जाता है। उदा- कबड्डी, हाकी, गुल्ली डंडा, क्रिकेट, कुश्ती, फुटबाल, बैडमिंटन,

तैरना, दौडना आदि। जिन खेलों में मानसिक श्रम अधिक होता हो, उन्हें मानसिक खेल कहते हैं। उदा- शतरंज, केरम, पासा, बकरी - बाघ आदि। इसी प्रकार वैयक्तिक खेल और सामूहिक खेल के रूप में भी भेद किये जा सकते हैं। वैयक्तिक खेलों में तैरना, दौडना, एयरोबिक्स, तीर चलाना, बिलियर्ड्स, शूटिंग, नाव चलाना, छलांग मारना आदी। सामूहिक खेलों में वालिबाल, क्रिकेट, फुटबाल, कबड्डी, बैडमिंटन आदी।

B) खेलों से राज्य और राष्ट्र के स्तर पर पुरस्कार और उसके साथ धनराशी भी दी जाती है। पुरस्कार प्राप्त खिलाडियों को और अच्छे खिलाड़ियों को राज्य, केंद्र सरकार बैंक तथा कई कंपनियों में नौकरी दी जाती है। इनकी नौकरियों की भर्ती में आरक्षण की सुविधा भी रहती है। इतना ही नहीं रेल, हवाई जहाज आदि में सफर करने के लिए भी विशेष रूप से आरक्षण की सुविधा दी जाती है। कई कंपनियाँ खिलाड़ियों को अपने प्रतिनिधि बनालेती है। खेलों से इतना लाभ है। और राज्य और राष्ट्र के स्तर पर खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए जाते हैं जैसे अर्जुन, एकलव्य , द्रोणाचार्य, ध्यानचंद ,राजीव खेल रत्ना आदि। पुरस्कार के साथ धनराशि भी दी जाती है ।

35. जय-जय भारत माता।
ऊँचा हिया हिमालय तेरा
उसमें कितना स्नेह भरा
दिल में अपने आग दबाकर

36. a) सोना और मोना दोनों बगीचे में खेल रही थीं।
b) दोनों बहनों को अब खेलने के लिए बिल्ली के दो बहुत ही सुंदर बच्चे मिल गए थे।
c) सोना और मोना दोनों ने एक-एक बिल्ली के बच्चा उठाकर घर के अंदर चली गयीं।
d) दोनों को बैंच के पास बिल्ली के दो बच्चे दिखे।

37.
**a)** जनसंख्या समस्या
प्रस्तावना **/** विषय प्रवेश :-

बढ़ती जनसंख्या की समस्या सामान्य रूप से विश्व की समस्या है | भारतको बढ़ती हुई जनसंख्या का सामना करना पड़ रहा है। दुनियाँ की 17% आबादी भारत में रहती है। जनसंख्या की दृष्टि से भारत विश्व में दूसरे स्थान पर है |
जनसंख्या में वृद्धि के कारण **:**
- विज्ञानकी उन्नति के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की सुविधाओं में उन्नति हुई है|
- विभिन्न बीमारियों के लिए इलाज और उपचार शोध किये गये हैं।
- फलतः जन्मलेनेवाले शिशुओं और रोगियों की मृत्युदर में कमी हुई है तथा औसत आयु में वृद्धि हुई है |
- अशिक्षित और गरीब वर्ग के लोगों के अज्ञान के कारण जनसंख्या में वृद्धि |
- धार्मिक श्रद्धा के कारण जन्म नियंत्रण विधियों और परिवार नियोजन विधियों को नहीं अपनाना |

जनसंख्या विस्फोट के दुष्परिणाम :
बढ़तीहुई जनसंख्या के कारण देशकीप्रगति कुंठित होती है | पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हुई है | वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि और दिनप्रतिदिन महंगाईबढ़रही है | बेकारी और बेरोज़गारीकी वजह से अपराधों में वृद्धिहुई है |

भारत में जनसंख्या नियंत्रण के लिए उठाए गए कदम :
सरकार ने पुरुषों केलिए न्यूनतम विवा योग्य आयु 21 वर्ष और महिलाओं केलिए 18 वर्ष तय की है |
दत्तक ग्रहण को बढ़ावा दिया गया है सरकार द्वारा बच्चों को गोदलेने को भी बढ़ावा देदियागया है |
सरकार तथा सामाजिक संस्थाओं ने सभाओं, गोष्टीओं, संचार माध्यमों द्वारा छोटे परिवार से होनेवाले फ़ायदे का प्रचार व प्रसार किया है |

उपसंहार **:**
भारत में बढ़ती जनसंख्या गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि सरकार ने इस पर नियंत्रण रखने केलिए बहुत सारे कदम उठाए है, लेकिन यह नियंत्रण पर्याप्त प्रभावी नहीं है। इस समस्या को रोकने केलिए कई अन्य उपाय किएँजानेकी आवश्यकता है।
**“** सुखमय जीवन का यह सार **|** दो बच्चों का हो परिवार **|”**

**b)** इंटरनेट की उपयोगिता
विषय प्रवेश **:-**आज का युग इंटरनेट युग है | बड़े बूढ़ों से लेकर छोटे बच्चों तक सब पर इस इन्टरनेट का असर पढ़ा है |
इंटरनेट का अर्थ **:-** इंटरनेट अनगिनत कंप्यूटरों के कई अंतरजाल का एक दूसरे से संबंध स्थापित करने का जाल है|
इंटरनेट का महत्व एवं लाभ**:-**इंटरनेट जीवन के हर क्षेत्र में अपना कमाल दिखाया है | चिकित्सा , कृषि, अंतरिक्ष ज्ञान , विज्ञान , शिक्षा और यहां तक कि देश के रक्षा दलो की कार्यवाही में इंटरनेट का बहुत बड़ा योगदान है|
इंटरनेट के लाभ**/** उपयोगिता :

इंटरनेट द्वारा घर बैठे बैठे खरीदारी कर सकते हैं | कोई भी विचार हो ,चित्र हो , या विषय हो कम समय में विश्व के किसी भी कोने में भेजना संभव होगया है | इंटरनेट द्वारा कोई भी बिल भर सकते हैं | इंटरनेट बैंकिंग द्वारा दुनियाँ की किसी भी जगह में चाहे जितनी भी रक़म भेजी जा सकती है | संचार और सूचना के क्षेत्र में प्रगति हुई है |

इंटरनेट के दुष्परिणाम / हानियाँ :- इंटरनेट कीवजह से पैरेसी , बैंकिंग फ्रॉड , हैकिंग आदि बढ़ रहीं है । मुक्त वैबसाइट , चैटिंग आदि से युवा पीढ़ी बिगड़ रही है | बच्चे अनावश्यक एवं अनुपयुक्त जानकारी हासिल कर रहे हैं | समय को नष्ट कर रहे हैं |

उपसंहार :-

उपरयुक्त विषय को देखते हुये हम कह सकते हैं कि इंटरनेट एक ओर वरदान है तो दूसरी ओर अभिशाप भी है | हमें इंटरनेट का उपयोग वैध जरूरतों को या अच्छे ज्ञान को प्राप्त करने केलिए करना चाहिए ना कि अनावश्यक या अनुपयोगी जानकारी के लिए | बच्चों को अपनी निगरानी में इंटरनेट का उपयोग करने देना चाहिए |अगर ऐसा करेंगे तो इंटरनेट वरदान ही होगा |

**“** इंटरनेट है एक वरदान हर क्षेत्र में है कीर्तिमान **|”** बन ना जाए यह अभिशाप**,**रखना बंधु इसका ध्यान **||”**

**c)** पर्यावरण प्रदूषण

विषय प्रवेश :परिसर का गहरा प्रभाव मानव जीवन पर पड़ता है|मानव ही अपने चारों ओर के वातावरण को शुद्ध रख सकता है , लेकिन प्रकृति की गोद में पला माना आज प्रकृति पर ही अत्याचार कर रहा है और पर्यावरण को दूषित कर रहा है |

पर्यावरण प्रदूषण अर्थ एवं प्रकार : पर्यावरण प्रदूषण का अर्थ है विशेष रूप से दोष युक्त वातावरण | मुख्य रूप से प्रदूषण 3 प्रकार से होता है| हवा के दूषित हो जाने से, जल के गंदे हो जाने से, और ध्वनि की अधिकता से , संक्षेप में इनको वायु प्रदूषण**,** जल प्रदूषण**,**और ध्वनि प्रदूषण कहा जाता है|

पर्यावरण प्रदूषण के कारण : पर्यावरण प्रदूषण का मुख्य कारण है हमारी बढ़ती हुई जनसंख्या वाहनों की संख्या और कारखानों की संख्या **|** पर्यावरण प्रदूषण का प्रमुख कारण वन विनाश है | लगातार वृक्षों की कटाई से प्रकृति का संतुलन डगमगा रहा है **|** वाहनों और कारखानों से निकलनेवाली कार्बन डाई ऑक्साइड तथा अन्य विषैली गैसों से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है | कारखानों से निकलने वाले हानिकारक रासायनिक द्रव्यबहकर नदी नालों में जा मिलते हैं और पानी गंदा हो जाता है| अनावश्यक जगहों पर ध्वनिवर्धकों का उपयोगऔर बिना कारण वाहनों के भोंपू बजाना जिसके कारण ध्वनि प्रदूषण होता है|

सरकार द्वारा प्रदूषण रोकने के लिए उठाएगए कदम : प्रदूषण से लड़ने के लिए सरकार ने तीन प्रकारकी भूमिका निभाई , निवारणात्मक , उपचारात्मक , तथा जागरूकता की | प्रदूषण नियंत्रण कानून बनाए गए –जैसे , वन्यजीवन संरक्षण अधिनियम , जल अधिनियम , वन संरक्षण अधिनियम , वायु अधिनियम पर्यावरणअधिनियम , जैव विविधता विविधता संरक्षण अधिनियम , राष्ट्रीय जल नीति , राष्ट्रीय पर्यावरण नीति , वन अधिकार अधिनियम इत्यादि | वन महोत्सव के कार्यक्रम शुरू करके प्रति वर्ष पौधों को लगाया गया |

प्रदूषण रोकने में छात्रों की भूमिका : पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए | अपनी पाठ्शसला एवं गांव का कचरा कूड़ा और गंदगी को साफ करना चाहिए |पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूक रहना चाहिए | पेड़ पौधों को लगानाऔर बढ़ाना चाहिए |

उपसंहार : पर्यावरण प्रदूषण को रोकना हमारा कर्तव्य है | सरकार द्वारा बनाए गए कानूनों को ध्यान में रखकर एक अच्छे नागरिक की हैसियत से हमें अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने का भरसक प्रयास करना चाहिए | सरकार को संचार माध्यमों द्वारा पर्यावरण के महत्व का प्रचार प्रसार करना चाहिए |ऐसा करने से पर्यावरण प्रदूषण को कुछ हद तक रोका जा सकता है |

38.

a) प्रेषक , ता: 22.02.2022

श्रीकृष्णशेट्टि,
नौवीं कक्षा,
सरकारी पाठ शाला ,
कारिगनूर
होसपेटे,विजयनगर

सेवा में,
वर्ग अद्यापक
सरकारी पाठ शाला,
कारिगनूर
होसपेटे,विजयनगर

पूज्य गुरूजी,

सादर प्रणाम ।

विषय : छुट्टि के लिए वनती

उपर्युक्त विषयानुसार आपसे सविनय निवेदन है कि मैं अपने भाई की शादि में शामिल होने के लिए मैसूर जा रहा हूँ। इसलिए मैं चार दिन तक पाठशाला में उपस्थित रह नही पाऊँगा । मुझे 22.02.2022 से 25.02.2022 तक चार दिन की छुट्टी प्रदान करने की कृपा करें।
धन्यवाद।

xxxxxx
अभिभावक के हस्ताक्षर

भवदीय
श्रीकृष्णशेट्टि

b)

सेवा में , ता: 22.02.2022
शिवप्रसाद
# 369, S.N.pete
विजयनगर।

पूज्य पिताजी,

सादर प्रणाम।

कल आपका पत्र मिला, पढ़कर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि घर में सब सकुशल हैं । हमारी पाठशाला में शैक्षणिक पर्यटन का आयोजन किया गया है। इसलिए मुजे प्रवास जाने के लिए अनुमति देकर, 3000/- रुपए भेजने की कृपा करे। यहाँ मेरी पढ़ाई भी ठीक प्रकार से चल रही है । स्वाति को मेरा बहुत-बहुत प्यार तथा माताजी को चरण वंदन।

आपका प्रिय पुत्र/पुत्रि
राहुल / अनु

प्रश्न पत्र निर्माता और मार्गदर्शक शिक्षक
श्री श्रीनिवास नायक
G.H.S. Bandar, Bhatkal. Tq.
Uttara kannada Dt.
Ph no - 9481758822

✍ ⌨ ✍ टंकणकार शिक्षक
श्री श्रीकृष्णशेट्टि
Govt high school (RMSA) Kariganuru.
Tq. Hosapete Dt. Vijayanagara
Ph no - 9900693807